कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्रीमती कमल वर्मा पत्नि श्री राकेश कुमार वर्मा पता–आदर्श विद्या मन्दिर से सामने, पूनम टॉकिज के पीछे, दौसा(राजस्थान)।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) दौसा जिला दौसा।

अपील सं0 49 / 2020

निर्णय

दिनांक : 03.12.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 / कोर्ट / 2020 / 2259 दिनांक 18.11.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार) दौसा ने प्रतिलिपि पत्रांक 9343 दिनांक 02.12.2020 द्वारा अवगत करवाया है कि अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र मे चाही गई सूचना पटवारी हल्का भण्डाना से प्राप्त कर अपीलांट को दिनांक 02.12.2020 को भिजवाई जा रही है। उक्त पत्रांक 9343 दिनांक 02.12.2020 पत्रावली मे संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा